केशव टाइम्स
आपकी आवाज

बुधवार
28 सितम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

तृतीया चंद्रघंटा

या देवी सर्वभूतेषु माँ चंद्रघंटा रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

बगहा में पंजाब पुलिस पर हमला

बगहा । बगहा में पंजाब पुलिस पर हमला हुआ है। इसमें एएसआई समेत 4 पुलिस वाले घायल हैं। पंजाब पुलिस यहां एक नाबालिग लड़की (17) की तलाश में आई थी। लड़की के पिता ने बगहा के एक लड़के (26) पर अपहरण का केस दर्ज किया था। उसकी मोबाइल की लोकेशन के आधार पर पुलिस ढूंढते हुए बगहा पहुंची। टीम लड़की को लेकर निकल ही रही थी, कि लड़के के परिवार ने पुलिस टीम पर हमला बोल दिया। पुलिस ने 28 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

नीतीश सरकार का युवाओं को तोहफा 7595 नए पदों पर होगी जल्द बहाली

केटी न्यूज/पटना

भाजपा से अलगाव और राजद से गठबंधन के बाद बिहार में बनी नीतीश कुमार की नई सरकार पूरी तरह अलग नजर आ रही है। पिछली सरकार की तुलना में इस बार नई सरकार के काम करने के तेवर बदले हुए हैं। सरकार का पूरा फोकस ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजन के साथ ही विभागों की कार्यशैली सुधार पर है। इसी कड़ी में मंगलवार को नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में 7595 पदों की मंजूरी दी गई। इसमें सबसे अधिक 6300 पद सर्वेक्षण अमीन के हैं। ये सभी पद संविदा आधारित होंगे। बैठक में कुल 16 एजेंडों पर मुहर लगाई गई। खास बात यह है कि पिछले और इस बार यानी दो कैबिनेट की बैठक में लगभग 16 हजार पदों पर बहाली की स्वीकृति दी गई है। पिछली बैठक में भी कुल 16 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई थी। उस दौरान लगभग आठ हजार पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी।

कैबिनेट की बैठक में 16 एजेंडों पर लगी मुहर, फार्मेसी और नर्सिंग के छात्रों को मिलेगा 1500 का स्टाइपेंड

इसके तहत स्वास्थ्य विभाग में 7987 पदों पर बहाली का फैसला लिया गया था। वहीं इस बार की बैठक में विधायक और विधान पर्षद के लिए फ्री बिजली यूनिट का दायरा बढ़ाया गया है।

विशेष सर्वेक्षण व बंदोबस्त कार्यक्रम के निर्धारित लक्ष्य पर फोकस : बिहार विशेष सर्वेक्षण व बंदोबस्त कार्यक्रम के निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए 7595 पदों पर नियुक्ति का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। इसके तहत नीतीश कैबिनेट में बंदोबस्त कार्यक्रम में स्वीकृत 7595 नए पदों में 6300 से ज्यादा पद सर्वेक्षण अमीन के लिए निकाले गए हैं। इसके अलावा 518 पद विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, विशेष सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी के 259 पद और विशेष सर्वेक्षण लिपिक के 518 पद सृजित करने को मंजूरी प्रदान की गई है।

मेडिकल छात्रों की तर्ज पर नर्सिंग के छात्रों को मिलेगा इंटर्नशिप का पैसा : बंदोबस्ती कार्यक्रम से जुड़े इन पदों को लेकर होने वाले खर्च को लेकर भी सरकार ने राशि की मंजूरी प्रदान की है। कैबिनेट मीटिंग में 363 करोड़ 26 लाख 85 हजार रुपए की राशि जारी की है। फामेर्सी और नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे छात्रों को सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है। मेडिकल छात्रों की तर्ज पर नर्सिंग के छात्रों को भी इंटर्नशिप का पैसा दिया जाएगा। उन्हें हर महीने 1500 रुपए स्टाइपेंड मिलेगा। वहीं, पालीगंज कारा के लिए 200 पदों पर भर्ती होगी। कला संस्कृति विभाग में भी 27 पदों पर भर्ती की जाएगी।

एमएलए-एमएलसी को अब साल में 30 हजार यूनिट बिजली मुफ्त : बिहार के विधायकों व विधानपरिषद सदस्यों के वेतन भत्ता और पेंशन नियमावली के नियम 2006 के नियम 15 में संशोधन किया गया है। इसके तहत पहले 2000 यूनिट हर महीने मुफ्त बिजली मिलती थी अब साल में 30000 यूनिट बिजली मिलेगी। यानी 12 महीने में कुल 24 हजार यूनिट बिजली फ्री में दी जाती थी। अब उस में बदलाव किया गया है। अब उन्हें हर महीने 2 हजार यूनिट के बजाय ढाई हजार यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी।

नीतीश कैबिनेट की खास बातें

- अब तक हुए दो कैबिनेट की बैठक में 16000 पदों की दी गई है मंजूरी
- कैबिनेट मीटिंग में 363 करोड़ 26 लाख 85 हजार रुपए की राशि जारी की गई

इन पदों पर ली जाएगी बहाली

- 6300 से ज्यादा पद सर्वेक्षण अमीन के
- 518 पद विशेष सर्वेक्षण कानूनगो
- 259 पद विशेष सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी के
- 518 पद विशेष सर्वेक्षण लिपिक के
- 200 पदों पर भर्ती पालीगंज कारा के लिए होगी
- 27 पदों पर कला संस्कृति विभाग में होगी बहाली

ललन सिंह और सुशील मोदी के बीच ट्विटर वार

- ललन सिंह बोले, सुशील मोदी का होगा डिमोशन
- सुमो ने कहा, मुंगेर का जिला अध्यक्ष बनेंगे ललन

केटी न्यूज/पटना

जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने ट्विटर के जरिए एक-दूसरे पर निशाना साधा है। मंगलवार को ललन ने ट्वीट कर 'सुशील कुमार मोदी जी, आपकी खबर मैंने देखी, जिसमें आप बता रहे हैं कि नीतीश जी को सोनिया गांधी जी छोड़ने आयीं या नहीं, उनके साथ फोटो शेयर किया या नहीं. लगता है आज तक आप छात्र नेता से राजनेता बन ही नहीं पाये। सुन रहे हैं कि आपकी पदावनति हो रही है। फिर से आपको प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा रहा है जो कि आप 15 साल पहले थे। वाकई आप दया के ही पात्र हैं...!'

वहीं पलटवार करते हुए भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि 'भाजपा में 17 साल के बाद किसी को दोबारा प्रदेश अध्यक्ष बनाने की कोई परिपाटी और परंपरा नहीं है। मुझे जरूर इस बात की जानकारी मिली है कि ललन सिंह को बहुत जल्द नीतीश कुमार राष्ट्रीय अध्यक्ष से हटा कर मुंगेर जिले का अध्यक्ष बनाने वाले हैं। मोदी ने कहा, ललन जी याद रखिये, आपकी पार्टी में शरद यादव, जॉर्ज फर्नांडिस व आरसीपी सिंह का क्या हश्र हुआ। ये तीनों पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। तीनों को पार्टी से निष्कासित किया गया।

घर लौट रही छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म

गाजीपुर। जिले में कक्षा 9वीं की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार सोमवार को छात्रा अपने कॉलेज से घर लौट रही थी। तभी गांव का एक युवक उसे जबरन अपने साथ बाइक पर बैठाकर ले गया। गांव के बाहर एक खाली मकान में अपने दोस्त के साथ मिलकर बारी बारी से दुष्कर्म किया। लड़की देर शाम घर पहुंची तो परिजनों को सारी बात बताई। मंगलवार को पीड़िता के पिता ने थाने में नामजद तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामला सेवराई के दिलदारनगर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़ित पिता ने बताया, गांव के ही दो युवकों ने बेटी से सामूहिक दुष्कर्म किया है। बेटी बदहवास हालत में घर पहुंची। पूछने पर बताया कि गांव के ही दो लड़कों ने उसके साथ गलत काम किया है।

सड़क हादसे में रोहतास के सीआरपीएफ हवलदार के बेटे की मौत, दोस्त जख्मी

- आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर चरपोखरी थाने के नगरांव मोड़ के पास हुआ हादसा

केटी न्यूज/आरा

जिले में आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर मंगलवार की अहले सुबह सड़क हादसे में एक सीआरपीएफ हवलदार के बेटे की मौत हो गयी। हादसे में उसका दोस्त भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। रोहतास के करमचट डैम घूमने जा रहे बाइक सवार दोनों दोस्तों को बेलगाम ट्रक ने रौंद दिया। हादसा चरपोखरी थाना क्षेत्र के नगरांव मोड़ के समीप हुआ। मृतक रोहतास जिले के नवादा गांव निवासी उमेश प्रसाद का 20 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार था। वर्तमान में वह पढ़ाई करने के लिए आरा के नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा मोहल्ले में किराये का मकान में रहता था। जख्मी आरा के

अस्पताल में मौजूद परिजन

बहिरो गांव निवासी जीतेंद्र कुमार महतो का बेटा मोनू कुमार है। उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। हादसे के बाद पहुंची पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया। हालांकि चालक भागने में सफल रहा। जख्मी मोनू कुमार ने बताया कि मंगलवार की सुबह छह दोस्त अलग-अलग बाइक से रोहतास के करमचट डैम जा रहे थे। वह आकाश के साथ बुलेट पर सवार थे। आकाश बाइक चला रहा था और वह पीछे बैठा था। इस बीच आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर नगरांव मोड़ के समीप सामने से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। ठोकर इतनी जबरदस्त थी कि पूरी बाइक ट्रक के नीचे चली गयी। इसमें आकाश कुमार की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि वह जख्मी हो गया। इधर,हादसे की सूचना मिलने पर चरपोखरी थाने के दारोगा हरि प्रसाद शर्मा पुलिस बल के साथ पहुंचे और तुरंत दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद मोनू कुमार को रेफर कर दिया गया। उसके बाद आकाश कुमार के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इस मामले में ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

इकलौते बेटे की मौत से घर में मचा कोहराम : रोहतास जिले के नवादा गांव निवासी आकाश आरा में पढ़ाई करता था। उसे लेकर वह आरा के चंदवा में किराए के मकान में रहता था। उसके पिता उमेश प्रसाद सीआरपीएफ हवलदार हैं। वह फिलहाल झारखंड के रांची में तैनात हैं। आकाश अपने मां-बाप का इकलौता पुत्र था।

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर विधिक जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बक्सर में पर्यटन की अपार संभावनाएं : न्यायाधीश

केटी न्यूज/बक्सर

जिला विधिक सेवा प्राधिकार बक्सर के कार्यालय विधिक सेवा सदन में मंगलवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार बक्सर द्वारा विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर एक विधिक जागरुकता कार्यक्रम की गई। जिसमें व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी, वरिष्ठ अधिवक्ताओं, पैनल अधिवक्ताओं एवं पारा विधिक स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिला बक्सर जिसे मिनी काशी भी कहा जाता है, जहां उत्तरवाहिनी गंगा का प्रवाह होता है, महर्षि विश्वामित्र की नगरी नाम से प्रसिद्ध है, बहुत ही रमणीक एवं पर्यटकों को लुभाने वाला शहर है। यहां प्रसिद्ध ऐतिहासिक युद्ध जिसे बक्सर के युद्ध के नाम से जाना जाता है, यही स्थित है। सभी इस अवसर पर जिले के विभिन्न स्थानों पर विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में अपने -अपने

विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में प्रखंडों में चलेगा विधिक जागरूकता कार्यक्रम

प्रखंड में एक विधिक जागरुकता कार्यक्रम करेंगे। जिसमें नालसा द्वारा चलाई जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं, बिहार पीड़ित प्रतिकर योजना, विधिक सहायता हेतु क्या पात्रता है एवं आम जनमानस को हम कैसे विधिक सहायता दे सकते हैं, इसके बारे में लोगों को बताए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हर साल 27 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है। व्यक्ति के जीवन और राष्ट्र के विकास में पर्यटन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। हमारे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास के लिए पर्यटन बहुत जरूरी है। खासकर विकासशील देशों में पर्यटन रोजगार सृजन का मूल स्रोत बन गया है। वैश्विक पर्यटन के इन्हीं महत्वों को देखते हुए हर साल 27 सितंबर को पर्यटन दिवस मनाया जाता है ताकि लोगों को पर्यटन के प्रति जागरूक किया जा सके और उन्हें पर्यटन के लाभ और महत्व के बारे में बताया जा सके। हर साल पर्यटन दिवस के उपलक्ष में नई- नई थीम्स के जरिए पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए जाते हैं।

साल 1980 में पर्यटन दिवस मनाने की शुरूआत हुई। 27 सितंबर 1980 को विश्व का पहला पर्यटन दिवस मनाया गया। 27 सितंबर 1970 को संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन के संविधान को अपनाया गया था। जिसके ठीक 10 साल बाद 1980 में इस दिन को विश्व पर्यटन दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा कर दी गई। विश्व पर्यटन संगठन संयुक्त राष्ट्र संघ की ही एक अंगीकृत संस्था है जिसकी स्थापना साल 1976 में हुई थी। इस संस्था का मुख्यालय मेड्रिड स्पेन में है। लेकिन इसको बनाने का संविधान 27 सितंबर 1970 को ही पारित हुआ था जिस कारण इस दिन हर साल विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर कुमार मानवेंद्र, रीमा कुमारी, आरती कुमारी सहित अन्य अधिवक्ताओं एवं शिवदयाल पांडेय, अविनाश श्रीवास्तव, गजेंद्र नाथ दुबे पारा विधिक स्वयंसेवक द्वारा जिले के अनेक स्थानों यथा रामरेखा घाट, कथकौली मैदान, बक्सर का युद्ध स्थल, नौलखा मंदिर, किला मैदान, बक्सर गोलंबर आदि अनेक स्थलों पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें डालसा के सभी कल्याणकारी योजनाएं एवं विधिक सहायता प्रदान करने के पात्रता आदि के बारे में आम जनमानस को बताया गया। मौके पर कार्यालय कर्मी सुधीर कुमार, दीपेश कुमार, सुनील कुमार मनोज कुमार, पारा विधिक स्वयंसेवक आश लाल, प्रीती, नीतू, पैनल अधिवक्ता विष्णु दत्त द्विवेदी, श्यामाश्री चंद्रा, कुमारी अरुणिमा, अशोक कुमार पाठक सहित अन्य उपस्थित थे।

रिश्तों का कत्ल... दहेज के लिए आरा में गर्भवती महिला की गला काटकर हत्या

घटना की छानबीन और आरोपितों की धरपकड़ में जुटी पुलिस

केटी न्यूज / आरा

आरा जिले के मुफस्सिल थाना अंतर्गत बरौली गांव में मंगलवार को एक गर्भवती महिला की गला काटकर हत्या कर दी गयी। घटना के बाद ससुराल वाले शव घर में छोड़कर भाग गये। दोपहर में सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और कमरे से शव बरामद किया। मृतका बरौली गांव निवासी रामकृपाल सिंह उर्फ संतोष सिंह की 23 वर्षीय पत्नी रिंकी कुमारी थी, जिसकी शादी पिछले साल दिसंबर में हुई थी। उसके ससुर रामचंद्र सिंह रिटायर आर्मी जवान हैं और फिलहाल सैफ जवान के रूप में पटना में तैनात हैं। मायके वालों ने दहेज के लिए पति सहित अन्य लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। जमीरा गांव निवासी चचेरे भाई रमेश कुमार के अनुसार बहन रिंकी की शादी बरौली निवासी रामचंद्र सिंह के बेटे राम कृपाल सिंह उर्फ संतोष सिंह के साथ हुई थी। शादी के दो महीने बाद से ही उसके पति की ओर से दूसरी बाइक खरीदने के लिए दो लाख की मांग की जा रही थी। दहेज कम मिलने की बात कह उसे अक्सर पैसे के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था।

इसे देखते हुए मायकेवालों ने उसकी विदाई करने के लिए अनुरोध किया भी था। लेकिन गर्भवती होने की बात कह ससुराल वालों ने भेजने से इनकार कर दिया था। इसी बीच मंगलवार को गला काट उसकी हत्या कर दी गयी। दोपहर में चौकीदार और ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना दी गयी। इस पर वे लोग उसके ससुराल पहुंचे, तो रिंकी एक कमरे में खून से लथपथ मृत पड़ी थी और ससुराल वाले सभी फरार थे। बहरहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। मायके वालों की शिकायत पर उसके ससुराल वालों की धरपकड़ को लेकर छापेमारी की जा रही है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई।

शादी के 1 साल बाद भी नहीं लौटी थी मायके

रमेश कुमार ने बताया कि सोमवार की रात ही उससे फोन पर बात हुई थी। तब उसने कहा था कि खाना बना रही हूं। कुछ देर बाद कॉल करूंगी। घरवाले उसकी कॉल का इंतजार कर रहे थे। उसकी कॉल तो नहीं आई। लेकिन थाने से मौत की सूचना आ गई। उसने बताया कि शादी के बाद से ही उसकी बहन मायके नहीं लौट सकी थी। विवाद के बाद कई बार उसे विदा करने के लिए कहा गया, लेकिन हर बार ससुराल वाले टाल दे रहे थे। हाल में भी विदा कराने का प्रयास किया गया, तो गर्भवती होने की बात कह भेजने से इन्कार कर दिया गया। उसने रिंकी के पति, सास और देवर पर दहेज में दो लाख रुपये की मांग को लेकर धारदार हथियार से गला काटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

शहर छोटी खबरें

28 से 30 सितंबर तक मोबाइल लोक अदालत का होगा आयोजन

जहानाबाद। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जहानाबाद से प्राप्त निदेश के आलोक में जिले में मोबाइल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 28 से 30 सितंबर तक किया जा रहा है। मोबाइल लोक अदालत के भ्रमण कार्यक्रम में तहत 28 सितंबर को सुबह 10:30 बजे से जहानाबाद सदर प्रखंड मुख्यालय में जहानाबाद प्रखंड, काको प्रखंड, रतनी फरीदपुर प्रखंड एवं मोदनगंज प्रखंड के लोगों के लिए किया जाएगा। जबकि दिनांक 29 सितंबर को पूर्वाह्न 10:30 बजे से अरवल जिला के लिए मोबाईल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा तथा दिनांक 30 सितम्बर के पूर्वाह्न 10:30 बजे से जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड मुख्यालय में मखदुमपुर, घोषी एवं हुलासगंज में मोबाईल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

बदमाशों ने फूंक दी पत्रकार की कार

रोहतास। नगर पंचायत अंतर्गत जलालाबाद में बीती रात दो बजे एक पत्रकार के दरवाजे पर खड़ी एर्टिगा कार बदमाशों ने फूंक दी। रोहतास थाना से करीब 200 मीटर की दूरी पर मुकेश पाठक के दरवाजे पर कार पार्क थी। लोगों की नींद टूटी और देखा कि कार लपटों में घिरी है। लोगों ने अफरा तफरी में आग बुझाई। कार का इंजन जल चुका था। मुकेश पाठक ने बताया कि स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। स्थानीय थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि वाहन स्वामी के घर के सामने राधा पब्लिक स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में अपराधियों की करतूत कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि साफ तौर पर दो अपराधी एर्टिगा कार के तरफ जाते हैं और आग लगा देते हैं। भागते हुए अपराधी की तस्वीर कैमरे में कैद हुई है।

नशे में झूमते आधा दर्जन शराबी गिरफ्तार

नावानगर। नावानगर पुलिस ने थाना क्षेत्र के केसठ बाजार से शराब के नशे में आधा दर्जन शराबियों को गिरफ्तार किया है। खास यह कि गिरफ्तार शराबियों में श्रीलाल साहनी, राजेंद्र साहनी तथा धर्मेंद्र कुमार तीनों मोतिहारी जिले के सुगौली थाना क्षेत्र के बेलवरिया गांव के रहने वाले है। तीनों केसठ में मजदूरी

भू लगान राजस्व वसूली के बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर तामिला करें : जिलाधिकारी

- डीएम ने की अंचल अधिकारियों के साथ राजस्व कार्यों की समीक्षा
- अंचल अधिकारियों को म्यूटेशन के मामलों को बैकलॉग में नहीं रखने का दिया निर्देश

केटी न्यूज/ जहानाबाद

कर्मचारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी।

जहानाबाद के जिलाधिकारी रिची पांडेय ने मंगलवार को अंचल अधिकारियों के साथ राजस्व कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम भू-लगान राजस्व वसूली की अंचलवार समीक्षा गई और इस संदर्भ में दिशा-निर्देश दिए। कहा कि सरकार के राजस्व को उच्च प्राथमिकता पर रखते हुए भू-लगान राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान रखना सुनिश्चित करेंगे। इस क्रम में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भू-लगान राजस्व वसूली के बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर तामिला करेंगे एवं वसूली हेतु नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। जिसके बाद उन्होंने ऑनलाइन म्यूटेशन की समीक्षा की। जिसमें मोदनगंज अंचल के प्रदर्शन पर असंतोष व्यक्त किया गया। प्रभारी पदाधिकारी जिला राजस्व शाखा सह भूमि सुधार उप समाहर्ता को म्यूटेशन के लंबित मामलों का सघन अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी सीओ को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि म्यूटेशन के मामलों को बैकलॉग में नहीं रखेंगे और सभी लंबित मामलों पर त्वरित रूप से कार्रवाई कर निष्पादित करना सुनिश्चित करेंगे। इस क्रम में उनको यह भी निदेश दिया गया कि जमाबंदी रद्द होने के बाद जमाबंदी पंजी (रजिस्टर-टू)में आवश्यक सुधार/ संशोधन/ अपडेशन की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करेंगे। साथ ही नियमानुसार एलपीसी सत्यापन सुनिश्चित करने हेतु अंचल अधिकारियों को निदेशित किया गया।

भूमि के अंतर विभागीय हस्तांतरण के गाइडलाइन का अनुपालन करें : जिलाधिकारी ने अनुशासनहीन एवं लापरवाह राजस्व कर्मचारियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रभारी पदाधिकारी जिला राजस्व शाखा सह भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि विभिन्न सरकारी योजनाओं के लिए उपलब्ध कराई जाने वाले भूमि के अंतर विभागीय हस्तांतरण के गाइडलाइन के अनुपालन संबंधित अनुश्रवण सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने प्रभारी पदाधिकारी जिला राजस्व शाखा सह भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि वह सभी सीओ के साथ समन्वय स्थापित कर सरकारी परियोजनाओं के लिए भूमि उपलब्धता हेतु समीक्षा करें एवं जिन सरकारी भवनों के लिए भूमि की आवश्यकता है उसे अंचल अधिकारियों के माध्यम से चिन्हित कराकर प्रस्ताव भेजना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने सी.डब्ल्यू.जे.सी. एवं एम.जे.सी. के लंबित मामलों को प्राथमिकता पर रखने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने दरधा नदी पर अतिक्रमण हटाने का दिया निर्देश : बैठक में अंचल अधिकारी काको / घोषी द्वारा बताया गया कि घोषी प्रखंड के अहियासा में एक अतिक्रमण तथा काको प्रखंड के असियांमा में आठ अतिक्रमण को हटाया गया है, जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा संतोष व्यक्त करते हुए बैठक में सभी अंचल अधिकारियों को निदेशित किया गया कि लोक भूमि अतिक्रमण के मामलों विशेष कर माननीय मुख्यमंत्री जनता दरबार, जिला जनता दरबार एवं लोक शिकायत निवारण में आने वाले परिवादों को प्राथमिकता पर रखें और नियमानुसार लगातार कार्रवाई करना सुनिश्चित करें तथा अतिक्रमण हटाने संबंधित अनुपालन प्रतिवेदन भेजना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने दरधा नदी पर अतिक्रमण संबंधित मामलों को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करने का निर्देश अंचल अधिकारी को दिया एवं इसका अनुश्रवण प्रभारी पदाधिकारी जिला राजस्व शाखा सह भूमि सुधार उप समाहर्ता करेंगे। इस क्रम में प्रभारी पदाधिकारी जिला राजस्व शाखा को अतिक्रमण हटाने संबंधित रोस्टर तैयार करने का निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि नीलाम वाद के अंतर्गत वसूलनीय राशि को भी राजस्व वसूली में जोड़ते हुए समेकित लक्ष्य निर्धारित कर उक्त बातों को गंभीरता से लेते हुए ससमय कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, अंचल कार्यालयों में संचालित आरटीपीएस का प्रबंधन और संचालन सुदृढ़ करने का निदेश दिया गया।

जदयू ने भाजपा पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का लगाया आरोप

शाहाबाद व मगध समेत राज्यभर में निकला सतर्कता सह जागरुकता मार्च

केटी न्यूज/ टीम

डुमरांव में सतर्कता सह जागरूकता रैली में शामिल जदयू कार्यकर्ता

बिहार में भाजपा से अलग होने के बाद जदयू लगातार अपने पुराने सहयोगी के प्रति हमलावर रूख अख्तियार कर रही है। हाल ही, में सीमांचल में भाजपा के कद्दावर नेता तथा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित साह द्वारा नीतीश कुमार के खिलाफ की गई तल्ख टिप्पणी के बाद जदयू ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिलेभर में सतर्कता व जागरूकता मार्च निकाला। इस मार्च के माध्यम से जदयू ने भाजपा पर विकास को बाधित करने तथा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार डुमरांव में ऐतिहासिक राजगढ़ के फाटक से निकला मार्च चौक रोड, शहीद गेट, राजगोला रोड, स्टेशन रोड होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंच सभा में तब्दील हो गया। इस दौरान अपने संबोधन में जदयू डुमरांव विस की पूर्व प्रत्याशी अंजुम आरा ने कहा कि बिहार की सत्ता से दूर होने के बाद भाजपा ने सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश शुरू कर दी है। उन्होंने लोगों को इससे सावधान रहने तथा भाईचारे के साथ रहने की सीख दी। वही अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. अब्दूल रशीद हाशमी ने कहा कि भाजपा शुरू से ही नफरत फैलाने की राजनीति करते आई है। सभा की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजय चंद लोदी व संचालन नगर अध्यक्ष गोपाल प्रसाद गुप्ता ने किया। मौके पर जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव प्रिती पटेल, नथुनी प्रसाद खरवार, बीरेन्द्र कुशवाहा, शोहराब कुरैशी, विशोका चंद, संजय सिंह, मोहन गोंड, बिजली राम, मुन्नी देवी, ललित रंजन, मिथिलेश कुशवाहा समेत कई अन्य जदयू कार्यकर्ता मौजूद थे। वही दूसरी तरफ केसठ में प्रखंड अध्यक्ष कमलेश गुप्ता के नेतृत्व में जदयू कार्यकताओं ने पुराना बाजार से नया बाजार तक सतर्कता व जागरूकता मार्च निकाला। मौके पर अमरेन्द्र केवट, शिवलाल केशरी, सुदर्शन पासवान, पप्पू पासवान, नागेश्वर साह, कांति देवी सहित कई अन्य उपस्थित थे। इसके अलावे बक्सर, सिमरी, ब्रह्मपुर, नावानगर, चौगाई, राजपुर, इटाढ़ी आदि प्रखंडों में भी जदयू द्वारा सतर्कता व जागरूकता रैली निकाले जाने की जानकारी मिली है।

जुमलेबाज सरकार है भाजपा : जदयू

अरवल। मंगलवार को अरवल जिला प्रखंड मुख्यालय जनता दल यूनाइटेड पार्टी के द्वारा केन्द्र सरकार के गलत नितियों के खिलाफ मार्च निकाला गया। मार्च प्रखंड अध्यक्ष केडी सिंह के नेतृत्व में जिला मुख्यालय से अरवल बाजार होते हुए अरवल गांधी मैदान तक सतर्कता और जागरूकता मार्च निकाली गई। जिसमें भाजपा और भारत सरकार के गलत नीतियों के विरुद्ध नारेबाजी के साथ जनता को सतर्कता एवं जागरूकता की गई।

जहानाबाद में दिखा भाजपा के खिलाफ आक्रोश

जहानाबाद । मंगलवार को की भाजपा सरकार के खिलाफ मंगलवार को जदयू के द्वारा जिले के सभी प्रखंड मुख्यालय यथा जहानाबाद, काको,रतनी फरीदपुर, मखदुमपुर, घोसी, हुलासगंज एवं मोदनगंज में सतर्कता एवं जागरूकता मार्च निकाला गया! जिला मुख्यालय में मार्च के बाद अम्बेडकर चौक पर एक सभा का आयोजन किया गया। सभा को जिला प्रभारी संतोष कुशवाहा ने संबोधित किया।

सिमरी में जदयू ने निकाला सतर्कता व जागरुकता मार्च

सिमरी। जदयू पार्टी के द्वारा राज्यव्यापी सदभावना एवं प्रतिशोध मार्च के अंतर्गत प्रखंड के जदयू कार्यकर्ता ने मुख्यालय से लेकर थाना रोड राजपुर चौराहे तक मार्च निकाला। जिसका नेतृत्व प्रदेश जदयू सचिव विनोद राय व प्रखंड अध्यक्ष नन्द जी प्रसाद ने किया इस दौरान नुक्कड़ सभा का आयोजन कर देश में भाजपा पार्टी द्वारा संविधान के साथ छेड़छाड़ व सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश पर लोगों को बताया इस मौके पर प्रदेश सचिव विनोद राय ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी बन गई है। जो अपने सहयोगियों को एकसाथ रखना नहीं जानती। संख्या बल होने के कारण सहयोगियों के साथ भीतरघात करना चाहती हैं। वहीं प्रखंड अध्यक्ष नन्दजी प्रसाद ने कहा कि भाजपा देश के बिगड़ती अर्थव्यवस्था से चिंतित नहीं है केवल सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ कर राज करना चाहती हैं इस अवसर पर उतम तिवारी,कुमार जैनेन्द्र, अशोक प्रजापति, नित्यानंद द्विवेदी, ब्रजनाथ पाण्डेय, हरेराम चौधरी, कमलेश राय, सिद्धार्थ तिवारी,छठु बिन्द, भुलन प्रसाद, हामिद अंसारी, महावीर यादव, लालबिहारी यादव, रामानुज पाण्डेय, शंकर प्रसाद, जगनारायण चौधरी, अंबिका पाण्डेय, माधव यादव के साथ अन्य जदयू कार्यकर्ता मौजूद थे।

घर में ईंट फेंकने के विवाद में दो पक्षों के बीच झड़प, 20 जख्मी

केटी न्यूज/आरा

जिले के गीधा ओपी अंतर्गत मोखलिसा गांव में मंगलवार को घर में ईंट फेंकने के विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसमें छह महिलाओं समेत दोनों पक्षों के बीस लोग जख्मी हो गए। सभी का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में एक पक्ष से मोखालिसा गांव निवासी अनिल कुमार राम, सचिदानंद, राजेंद्र राम, रितेश कुमार, कालपातो देवी, आत्मा कुमार,लाल बहादुर राम चंदन कुमार व परमात्मा राम शामिल है। वहीं दूसरे पक्ष के गनी पासवान, रामलायक पासवान, विनोद पासवान, राजकुमारी देवी, सरोज पासवान,गीता देवी, उषा देवी, एतवारो कुंवर, गौतम कुमार रीभा देवी और मंजय कुमार शामिल है। एक पक्ष के अनिल कुमार राम ने बताया कि दूसरे पक्ष की ओर से एक सप्ताह से उसके घर में ईंट फेंका जा रहा है। उसे लेकर हर रोज कहासुनी हो जाती है। मंगलवार की सुबह भी दूसरे पक्ष द्वारा दो बार ईंट फेंका गया। उसे लेकर दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज शुरू हो गई। वहीं दूसरे पक्ष के राम लायक पासवान ने बताया कि दो माह पूर्व उनकी भतीजी से दूसरे पक्ष के एक युवक द्वारा टोनबाजी की गई थी। इसके अलावे कई रोज से उनके घर पर ईंट फेंका जा रहा है। मंगलवार की सुबह भी ईंट फेका गया था।

एमएड सेमेस्टर-2 की परीक्षा 28 से बनाए गए दो केंद्र, रिजल्ट चार को

आरा। वीकेएसयू के परीक्षा विभाग ने एमएड सत्र 2020-22 सेमेस्टर टू की परीक्षा का प्रोग्राम जारी कर दिया है। एमएड सेमेस्टर 2 की परीक्षा 28 सितंबर से एक अक्टूबर तक चलेगी। परीक्षा लेकर 2 केंद्र बनाए गए हैं। एमपी कॉलेज मोहनिया का केंद्र एसवीपी कॉलेज भभुआ को बनाया गया है। जगदीशपुर माता मंजारो अजब दयाल सिंह टीचर ट्रेनिंग कॉलेज का केंद्र एमएम महिला कॉलेज आरा को बनाया गया है। वीर कुंवर सिंह के परीक्षा विभाग ने स्नातक पार्ट थर्ड सत्र 2018-21 की परीक्षा के साइंस और कॉमर्स विषय का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। रिजल्ट कॉलेजों के वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इधर आर्ट्स का रिजल्ट भी 4 अक्टूबर तक जारी कर दिया जाएगा।

एक नजर

दिनदहाड़े बाइक चोरी करते दो शातिरों को भीड़ ने दबोचा, जमकर धुनाई कर पुलिस को सौंपा

आरा। सदर अस्पताल कैंपस स्थित ओपीडी गेट के पास मंगलवार की सुबह बाइक की चोरी करते दो शातिर भीड़ के हत्थे चढ़ गये। बाइक स्टार्ट कर रहे दोनों को भीड़ ने रंगे हाथ धर दबोचा। उसके बाद दोनों की जमकर धुनाई की गयी और पुलिस को सौंप दिया गया। हालांकि दोनों का एक अन्य साथी भागने में सफल रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीसरा शातिर बाइक लेकर भागा है। पकड़े गये शातिर नगर थाना क्षेत्र के मझौंवा बांध निवासी रितेश सिंह और नवादा थाना क्षेत्र के कृष्णानगर निवासी सौरभ सिंह हैं। दोनों चांदी थाना क्षेत्र के प्रतापपुर मठिया गांव निवासी रामबाबू चौधरी की बाइक चोरी करने का प्रयास कर रहे थे। हुआ यह कि रामबाबू चौधरी मंगलवार की सुबह अपनी मां मीना देवी का इलाज कराने आरा सदर अस्पताल में आये थे। उसके बाद ओपीडी गेट के सामने अपनी बाइक खड़ी कर मां को दिखाने ओपीडी में चले गये। इसी बीच दोनों शातिर उनकी बाइक लेकर भागने का प्रयास करने लगे। रामबाबू चौधरी के अनुसार तीन युवक उनकी बाइक के पास खड़े थे। बगल में एक और बाइक लगी थी। तीनों में से एक एक बगल की बाइक लेकर भाग निकला। उसके बाद दोनों उनकी बाइक स्टार्ट करने लगे। तभी उन्होंने दोनों को दबोच लिया। इसके बाद उन्होंने ओपीडी में तैनात सुरक्षाकर्मी को सूचना दी। तबतक भीड़ पहुंच गयी और दोनों की जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और दोनों को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर अपने साथ ले गयी। पुलिस दोनों से तीसरे के बारे में पूछताछ कर रही है।

आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर चालक को बंधक बना लूटा गया ट्रक पटना से बरामद

आरा। जिले में चालक को बंधक बना लूटा गये ट्रक को महज 12 घंटे में बरामद कर लिया गया। ट्रक पटना के सिंगोड़ी थाना क्षेत्र के चंदोसी गांव से बरामद किया है। चालक का लूटा गया मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है। हालांकि लुटेरे पुलिस की पकड़ में नहीं आ सके हैं। ट्रक लूट की यह वारदात सोमवार की सुबह करीब दो बजे आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर गड़हनी थाना क्षेत्र के बगवां रेलवे क्रासिंग के नजदीक हुई थी। बगवां में ट्रक को कब्जे में लेने के बाद बदमाश चरपोखरी थाने के नगरांव के पास चालक को उतार ट्रक ले भागे थे। लुटेरों की संख्या चार थे। सभी सूमो कार पर सवार थे?। उनकी उम्र 25 से तीस के बीच बतायी जा रही है। अपराधी चालक के मोबाइल और 52 हजार रुपये भी छीन ले गए थे। इसे लेकर यूपी के सुल्तानपुर के कच्छड़ा चिरानी पट्टी निवासी चालक घनश्याम गुप्ता के बयान पर चरपोखरी थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।? उसमें सूमो पर सवार चार अज्ञात बदमाशों को आरोपित किया गया है। एसपी संजय कुमार सिंह द्वारा प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि लूट की घटना के बाद अपराधियों की धरपकड़ और ट्रक बरामदगी को लेकर एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। टीम तकनीकी जांच और इनपुट के आधार पर पटना के सिंगोड़ी थाना क्षेत्र के चंदोस गांव से ट्रक और चालक का मोबाइल बरामद कर लिया गया। लूट में शामिल अपराधियों की पहचान और धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। इसके लिए पूर्व में ट्रक लूट की घटनाओं शामिल अपराधियों की खोज की जा रही है। टीम में डीआईयू इंचार्ज इंस्पेक्टर शंभू भगत, चरपोखरी थानाध्यक्ष निकुंज भूषण और दारोगा हरि प्रसाद शर्मा, डीआईयू के दारोगा सुदेह कुमार, मिथिलेश कुमार, सिपाही अमित कुमार, श्रवण कुमार कृष्ण कुमार और मदन कुमार शामिल थे।

रंगदारी नहीं देने पर हथियार के बल पर बदमाशों ने छीन ली बाइक, दो गिरफ्तार

आरा। जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के मानाचक गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास हथियार का भय दिखा तीन लोगों से एक बाइक लूट ली गई। रंगदारी नहीं देने पर बदमाशों द्वारा लूट की घटना को अंजाम दिया गया। घटना सोमवार की दोपहर की है। इस मामले में पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से रेगुलर राइफल और लूटी गयी बाइक बरामद की गयी है। वहीं लूट में इस्तेमाल बाइक सहित तीन अन्य मोटरसाइकिल भी जब्त की गयी है। गिरफ्तार बदमाशों में मानाचक गांव निवासी राजकुमार और कोईलवर थाना क्षेत्र के ही चमरिया गांव निवासी राहुल साह शामिल हैं। इन दोनों का बालू माफियाओं से कनेक्शन सामने आयी है। दोनों ने लूट में शामिल होने की बात भी स्वीकार कर ली है। अपने साथियों के नाम भी बताया है। एसपी संजय कुमार सिंह द्वारा प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि सोमवार को जगदीशपुर इलाके के तीन बाइक सवार बालू घाट घूमने सोन किनारे गये थे। उस दौरान मानाचक गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास कुछ अपराधियों द्वारा तीनों से रंगदारी की मांग की जाने लगी। रंगदारी नहीं देने पर अपराधियों द्वारा उनकी बाइक छीन ली गयी। सूचना मिलने पर अपराधियों की धरपकड़ और बाइक की बरामदगी को लेकर एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में टीम एक गठित कर छापेमारी शुरू की गयी। उस क्रम में लूट के शिकार लोगों की निशानदेही और गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।

कोरोना के संक्रमण से उबर चुके लोग जरूर कराएं टीबी की जांच

- कोरोना संक्रमण से उबर चुके लोगों को टीबी का जोखिम अधिक
- चिकित्सीय सलाह लेकर बिताएं स्वस्थ जीवन

केटी न्यूज/ भभुआ



विगत दो वर्षों से कोरोना संक्रमण ने सभी को किसी न किसी रूप में प्रभावित किया है। लोगों की जीवनशैली में परिवर्तन स्पष्ट नजर आता है और अब लोग सर्दी, खांसी एवं बुखार जैसी सामान्य लक्षणों को भी गंभीरता से लेते हैं। कोरोना संक्रमण से सभी ज्यादा वैसे लोग प्रभावित हुए जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर थी और कोरोना संक्रमण ने ऐसे लोगों को खासा प्रभावित किया। कोरोना का संक्रमण सबसे अधिक फेफड़ों पर असर करता है, इसलिए चिकित्सक मानते हैं कि कोरोना संक्रमण से ठीक हो चुके लोगों को समय समय पर टीबी की जांच जरुर करानी चाहिए। जिला अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जेएन सिंह ने बताया कि कोरोना संक्रमण की तरह ही टीबी भी इंसान के फेफड़ों पर असर डालता है। कोरोना संक्रमण से ग्रसित हो चुके लोग आज अगर बिलकुल सामान्य एवं स्वस्थ जीवन व्यतीत करना चाहते हैं तो उन्हें टीबी की जांच जरीर करानी चाहिए। यह जरुरी नहीं है कि ऐसे व्यक्तियों में टीबी के लक्षण नजर आयें लेकिन ऐसे लोग लेटेन्ट टीबी से ग्रसित हो सकते हैं। लेटेन्ट टीबी के लक्षण स्पष्ट नजर नहीं आते हैं और इसकी पुष्टि जांच से ही संभव है। टीबी और कोविड दोनों संक्रामक रोग है और दोनों बिमारियों में खांसी, बुखार एवं सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।

टीबी का उपचार 6 से 9 महीने तक चलता है : डॉ. सिंह ने बताया कि आजकल टीबी के उपचार के लिए अलग-अलग एंटीबायोटिक्स/एंटीबेक्टेरियल्स दवाओं का एक साथ प्रयोग किया जाता है। यह उपचार लगातार छह से 9 महीने तक चलता है. दवा खाने के दौरान किसी भी तरह से गैप नहीं होना चाहिए। वर्तमान समय में टीबी के मरीजों की संख्या देखते हुए उपचार एवं दवाइयां बिल्कुल मुफ्त कर दी गई हैं, जो किसी भी स्वास्थ्य केन्द्र पर आसानी से निशुल्क उपलब्ध है। उपचार के दौरान टीबी के मरीजों को पौष्टिक आहार खाने पर विशेष ध्यान देने की जरूरत पड़ती है।

टीबी की बीमारी का छुआछूत से नहीं है कोई संबंध: डॉ सिंह ने बताया कि टीबी छुआछूत की बीमारी नहीं है। इसलिए लोगों को डरने की आवश्यकता नहीं है। यदि घर के किसी भी व्यक्ति में टीबी की बीमारी से जुड़े कोई भी शुरूआती लक्षण दिखाई दे तो तुरंत ही जांच कराएं। इसके लिए सरकारी अस्पतालों में कोई फीस नहीं लगती है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति चाहे तो वह टीबी बीमारी की जांच करवा सकता है। यदि आसपास किसी भी व्यक्ति में टीबी के लक्षण दिखाई दे तो उसे जांच कराने के लिए सलाह दें। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा भी समय-समय पर जिले के विभिन्न जगहों पर कैंप लगाकर टीबी जांच किया जाता है। टीबी इससे ग्रसित लोगों के संपर्क में आने या छूने से नहीं फैलता है। इसलिए लोग यह भ्रम न पालें कि टीबी रोग छूने से या मरीज के संपर्क में आने से फैलता है, छींकने या खांसने से टीबी फैलने का खतरा ज्यादा होता है, इसलिए जो लोग इस बीमारी से ग्रसित हैं वह मुंह को हमेशा तौलिया या मास्क से ढक कर रखें।

शहर छोटी खबरें

नवनियुक्त राजस्व कर्मचारियों को पंचायतों में किया गया पदस्थापित

बक्सर। जिलाधिकारी अमन समीर के द्वारा मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में 58 नवनियुक्त राजस्व कर्मचारी के पदस्थापन रेंडमाइजेशन साफ्टवेयर के द्वारा किया गया। जिसमें पांच नवनियुक्त राजस्व कर्मचारी उपस्थित थे। पांच नवनियुक्त राजस्व कर्मचारी में से एक नवनियुक्त राजस्व कर्मचारी के द्वारा बटन दबाकर रेंडमाइजेशन किया गया। जिसके बाद कुल 58 नवनियुक्त राजस्व कर्मचारी का प्रखण्डवार पंचायत में पदस्थापित किया गया। इस क्रम में स्थापना उप समाहर्ता बक्सर, सॉफ्टवेयर आईटी मैनेजर एवं डीआईओ उपस्थित थे।

प्रवासी मजदूर की विधवा पत्नी को दी गई अनुदान राशि

बक्सर। मस्कट में कार्य कर रहे प्रवासी मजदूर स्व. धमेन्द्र पाल का मस्कट में देहान्त हो जाने के उपरान्त मस्कट सरकार के द्वारा अनुदान की राशि उपलब्ध कराई गई थी। जिसके आलोक में आज दिनांक 27 सितम्बर को जिलाधिकारी बक्सर अमन समीर के द्वारा समाहरणालय परिसर अवस्थित कार्यालय कक्ष में स्व. धमेन्द्र पाल के आश्रित पत्नी धनवन्ती देवी ग्राम-कथराई, पोस्ट-मानिकपुर, थाना-धनसोई को 28,33,495 रुपये की अनुदान राशि दी गई।

बक्सर के शहरी क्षेत्र में प्रभावी हुआ वन वे ट्रैफिक सिस्टम

बक्सर। दुगार्पूजा त्योहार को लेकर प्रशासन तैयारी का अमलीजामा पहनाने के लिए अंतिम पडाव पर हैं यानी पूजा के दौरान भीड़भाड़ से नियंत्रण के लिए पूरे शहर में वन वे ट्रैफिक नियम को लागू कर दिया है हालांकि पहले दिन इस नियम से सैकड़ों राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा जबकि इस नियमित को लागू करने के लिए प्रशासन के द्वारा विगत चार दिनों पहले से अधिसूचना पत्र जारी कर दिया गया था लेकिन कुछ लोगों को इस तरह के आदेश का अंदेशा नहीं हुआ जिस कारण पुलिस प्रशासन के साथ नोकझोंक करते दिखे कर्तव्य पर तैनात सुरक्षा कर्मियों ने सुविधा के अनुसार प्रशासन द्वारा तैयार किया हुआ सड़क मार्ग को राहगीरों को बताया बहरहाल राहगीर एमपी हाई स्कूल, रामरेखा घाट, पीपी रोड के रास्ते शहर में प्रवेश करेंगे तथा लौटते वक्त रामबाग, पुस्तकालय रोड, ठठेरी बाजार या यमुना चौक के मुख्य मार्ग पर पहुंचेंगे इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि दुगार्पूजा त्योहार को लेकर शहरी क्षेत्रों में भीड़ भाड़ को रोकने के लिए इस तरह के व्यवस्था किया गया है अर्थात इसके लिए अतिरिक्त ट्रैफिक ड्यूटी में पुलिस बल को तैनात किया गया है तथा दो पहिया वाहनों के लिए भी हैलमेट अनिवार्य किया गया है इसके अलावा मोटरसाइकिल पर पिछे बैठने वाला व्यक्ति को भी हैलमेट जरूरी हैं। यदि आदेश के खिलाफ जो भी वाहन चालक पकड़े जायेंगे, उनके उपर उचित

एमसीपी कार्ड से लाभुकों को दी जाने वाली सेवाओं की मॉनिटरिंग आसान

- एमसीपी कार्ड में लाभुकों को मिलने वाली सेवाओं की जानकारी दर्ज करना अनिवार्य
- 12 वें सप्ताह के अंदर गर्भवती महिलाओं का किया जाता है पंजीकरण

केटी न्यूज/बक्सर

जिले में मातृ व शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जाते हैं। जिनमें आरोग्य दिवस का आयोजन कर नियमित टीकाकरण, प्रसव पूर्व जांच आदि शामिल हैं। साथ ही, शिशु और मातृ स्वास्थ्य को बेहतर बनाने व गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इस क्रम में गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को दी जाने वाली सभी सुविधाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाती है। ताकि, सेवाओं को उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो सके। इसके लिए विभाग ने मदर चाइल्ड प्रोटेक्शन कार्ड (एमसीपी) बनाया है। जिसमें फ्रंटलाइन वर्कर्स को गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को को दी जाने वाली सेवाओं को दर्ज करना होता है। इस संबंध में राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने भी दिशा निर्देश जारी किया है। जिसमें बताया गया है कि एमसीपी कार्ड में स्वास्थ्य से संबंधित सूचकांकों की जानकारी के आधार पर ही विभिन्न सर्वे की रिपोर्ट दी जाती है। जो राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावी होने तथा विभिन्न सूचकांकों में राज्य की उपलब्धि को दशार्ता है।

12 वें सप्ताह के अंदर गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण : सदर प्रखंड के प्रसार प्रशिक्षक मनोज चौधरी ने बताया कि विभागीय निर्देश के अनुसार एमसीपी कार्ड में गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित करने के लिए 12 वें सप्ताह के अंदर गर्भवतियों का पंजीकरण किया जाता है। साथ ही, चार प्रसव पूर्व जांच के महत्वपूर्ण सूचकांकों को फीड किया जाता है। जिसके बाद प्रत्येक माह आशा फैसिलिटेटर के स्तर से समीक्षा भी की जाती है। विभाग के निदेर्शानुसार एमसीपी कार्ड गर्भवती महिलाओं तथा नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित करने हेतु काफी मददगार है। राज्य, जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों के क्षेत्र अनुश्रवण में एमसीपी कार्ड की उपलब्धता पर ध्यान दिया जाय। यह भी सुनिश्चित हो कि आशा के द्वारा प्रसव कक्ष में लिए जाने वाली गर्भवती महिलाओं की 4 प्रसव पूर्व जांच की गई हो। यदि नहीं हुआ हो तो उक्त आशा कार्यकर्ता को प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए उत्प्रेरित किया जाए। हर प्रसव स्थान पर इसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

आशा व आंगनबाड़ी के पास उपलब्ध होगा एमसीपी कार्ड : सदर प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुधीर कुमार ने बताया कि एमसीपी कार्ड को लेकर विभाग ने नए निर्देश जारी किए हैं। जिसके तहत एएनएम के साथ-साथ आशा कार्यकताओं के पास क्रमशः दो और पांच अतिरिक्त एमसीपी कार्ड उपलब्ध होंगे। साथ ही, एक आईइसी प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र पर प्रदर्शित होगा। जिसमें यह जानकारी रहेगी कि एमसीपी कार्ड प्रत्येक गर्भवती महिला एवं नवजात के लिए स्थाई रूप से रखने योग्य दस्तावेज है। यह प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र पर वितरण के लिए उपलब्ध है। पूर्ण रूप से भरा हुआ कार्ड सभी गर्भवती महिलाओं को अनिवार्य रूप से उपलब्ध किया जाएगा। ताकि कार्यक्रम अंतर्गत दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ ससमय ले सकें एवं 4 प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित की जा सके ।

लो प्रेशर के कारण शनिवार तक बारिश की संभावना, उसके बाद घटेगा तापमान

नवरात्र के बाद से गुलाबी सर्दियों के दस्तक देने की जताई जा रही संभावना

- डुमरांव प्रखंड समेत कई प्रखंडों में हुई बारिश,
- बारिश के कारण फुटकर विक्रेताओं को झेलनी पड़ सकती है परेशानी

डुमरांव में झमाझम होती बारीश

केटी न्यूज / बक्सर

कुआर का महीना चल रहा है। इस महीने की एक कहावत लंबे समय से किसानों के बीच प्रचलित है। पहले के दिनों में बताया जाता है कि कुआर के महीने में एक किसान खेतों में अपने दो बैलों के सहारे जुताई कर रहा था। लेकिन, उसी दौरान बारिश हो गई। उसके बाद भी किसान ने जुताई नहीं रोकी। जुताई पूरी करने के बाद जब किसान ने बैलों पर ध्यान दिय, तो उसने देखा कि दोनों बैलों में से एक पूरी तरह से भींगा हुआ था, लेकिन दूसरा पूरी तरह से सूखा हुआ था। कुछ यही हाल इन दिनों जिले में बारिश का देखा जा रहा है। जिले में मंगलवार की दोपहर अच्छी बारिश हुई। लेकिन, आलम यह था कि बारिश की बूंदें केवल कुछ प्रखंडों के लिए ही बरसी। जिन इलाकों में बारिश हुई, वहां खेतों और सड़कों पर पानी देखने को मिला। हालांकि, कृषि विज्ञान केंद्र के शनिवार तक जिले में बारिश की संभावना जताई है। लेकिन, फिलहाल यह नहीं कहा जा सकता है कि बारिश पूरे जिले में होगी या आंशिक।

मानसून की देरी और सक्रियता से भारी बारिश के असारा : कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. देव करन ने बताया कि मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान से मानसून की विदाई के साथ ही अब इस के बिहार, झारखंड, बंगाल और उड़िसा की तरफ बढ़ने की स्थिति तीव्र हो गई है। मानसून अपने सामान्य वापसी पर 17 सितंबर को होने वाला था। हालांकि इसकी देरी और सक्रियता से बिहार में भी भारी बारिश का माहौल बन गया है। वहीं, एक कम दबाव (लो प्रेशर) का क्षेत्र बंगाल की उत्तर-पश्चिमी खाड़ी और उससे सटे उत्तरी ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तटों के साथ-साथ इससे जुड़े चक्रवाती परिसंचरण पर स्थित है। जिसको देखते हुए 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि, दोपहर में धूप खिलेगी आसमान में बादलों की आवाजाही लगी रहेगी। शाम होते ही बारिश से मौसम सुहाना रहने की संभावना है। जबकि आंधी के साथ छिटपुट बारिश पश्चिम बिहार तापमान में गिरावट आएगी।

हथिया नक्षत्र शुरू, मौसम में भी होगा बड़ा बदलाव : डॉ. देव करन ने बताया कि मंगलवार की देररात से हथिया नक्षत्र शुरू हो गया है। जिसके कारण भारी बारिश हो सकती है। ऐसे में बारिश धान की फसलों के लिए काफी अच्छी होगी। वहीं, यदि इस दौरान बारिश तेज होती है, तो उससे धान की बालियों को थोड़ा नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने बताया कि कुआर के दिनों में हुई बारिश के कारण मौसम का रूख भी बदल जाता है। सितंबर माह के बाद से जिले में गुलाबी सर्दियां दस्तक दे सकती है। जिसके कारण सुबह और शाम में लोगों को ठंड महसूस होगी। ऐसे में लोगों के बीमार होने की संभावना भी बढ़ जाती है।

बारिश ने बढ़ाई फुटकर विक्रेताओं के साथ व्यवसायियों की चिंता

बक्सर। एक ओर जिले में नवरात्र को लेकर फुटकर विक्रताओं ने मेले में दुकान व ठेले लगाने की तैयारी पूरी कर ली है। ऐसे में यदि बारिश हुई, तो उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। जिसको लेकर फुटकर विक्रेताओं के साथ

छोटे-बड़े व्यवसायी भी चिंतित हैं। व्यवसायियों की चिंता यह है कि पूजा और पर्व त्योहारों को देखते हुए उन्होंने बड़ा ऑडर दिया है। जो धीरे-धीरे आना शुरू हो चुका है। नवरात्र के बाद से बाजार को गति मिलने लगती है। यदि इस बार पूजा के दौरान बारिश हुई, तो उनको भी बड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है। बारिश के कारण लोगों का आवागमन कम हो जाएगा, जो उनके धंधे को चौपट कर सकता है।

एक नजर

जागरुकता रैली निकाल स्वच्छता का दिया संदेश

जागरूकता रैली में शामिल ग्रामीण।

बक्सर। जिले के इटाढी प्रखंड स्थित इन्दौर पंचायत के वार्ड नंबर 12 में वार्ड सदस्य के नेतृत्व में श्रमदान से पंचायत भवन के आस-पास साफ-सफाई किया गया। पंचायत अतरौना इटाढी प्रखंड-अतरौना पंचायत वार्ड नं. 05 सदस्य के नेतृत्व में ग्रामीणों द्वारा नालियों की साफ-सफाई की गई। साथ ही घर-घर दस्तक के माध्यम लोगों को ठोस कचरे का पृथक्कीकरण पर चर्चा भी किया गया। कुकुढा पंचायत इटाढी प्रखण्ड स्वच्छता पर्यवेक्षक के नेतृत्व में स्वच्छता कर्मियों के साथ कुकुढा पंचायत स्वच्छता प्रति जन जागरूकता हेतु स्वच्छता रैली निकाई गई। रामपुर पंचायत केसठ प्रखण्ड ग्राम पंचायत रामपुर शिवपुर गांव के वार्ड संख्या 10 और वार्ड नं. 11 में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छताकर्मी के द्वारा स्वच्छता रैली निकाली गई। साथ ही, घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। जिसमें जिला संसाधन सेवी राकेश कुमार स्वच्छता पर्यवेक्षक वार्ड सदस्य एवं स्वच्छता कर्मी उपस्थित थे। केसठ पंचायत केसठ प्रखण्ड-प्रखण्ड केसठ पंचायत केसठ के वार्ड संख्या 09 के महादलित बस्ती के स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नाली-गली की साफ-सफाई किया गया और घर-घर जाकर लोगों को साफ-सफाई के बारे में जागरूक कर ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में बताया गया। जिसमें जिला संसाधन सेवी राकेश कुमार, मुखिया जी, स्वच्छता पर्यवेक्षक, वार्ड सदस्य, स्वच्छता कर्मी उपस्थित थे।

एक अक्टूबर से महंगे हो जाएंगे दो पहिया वाहन, 1500 रुपये तक की बचत कर सकते हैं ग्राहक

बक्सर। अगर इस दुर्गा पूजा आप बाइक खरीदना चाहते हैं, तो जल्दी करें। क्योंकि एक अक्टूबर से बाइक की कीमत बढने वाली है। इसकी चर्चा करते हुए पहवा होंडा के संचालक राजा पहवा बताया कि एक अक्टूबर से पहले जो लोग अपनी बुकिंग करा लेंगे। वे 1500 रुपये बचा सकते हैं। हालांकि ऐसा हर कंपनी करने वाली है। वैसे हमने अपने ग्राहकों के लिए विशेष स्कीम चला रखी है। प्रत्येक वाहन की खरीद पर एक निश्चित उपहार तथा फाइनेंस की आकर्षक स्कीम भी है। बगैर किसी चेक ग्राहक महज 9999 रुपये देकर बाइक, स्कूटी प्राप्त कर सकते हैं। किसी तरह का तामझाम नहीं है। ग्राहक, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड व दो रंगीन फोटो लेकर आए तो हाथों-हाथ बाइक ले जा सकते हैं। पूराने वाहन पर एक्सचेंज का ऑफर भी चल रहा है। होंडा बाइक का शोरूम शहर के नगर परिषद कार्यालय के समीप ही स्थित है।

राजपुर पुलिस ने देशी कट्टे के साथ शातिर अपराधी को किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल

पुलिस हिरासत में अपराधी।

राजपुर। जिले की राजपुर पुलिस ने देशी कट्टे के साथ एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी हरवंश नोनिया उम्र 45 वर्ष पिता लालमोहर नोनिया स्थानीय थाना क्षेत्र के सरेंजा गांव का रहने वाला है। पुलिस ने गुप्त सूचना पर उसे उसके घर से गिरफ्तार किया है। उस पर पिछले सप्ताह कैमूर जिले के गारा में हवाई फायरिंग करने का मामला भी स्थानीय थाने में दर्ज है। जिसमें उसके साथ गारा के धनजी पांडेय नामक अपराधकर्मी को भी अभियुक्त बनाया गया है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले राजपुर थाना क्षेत्र के ही तियरा बाजार में हथियार के साथ दो अपराधी पकड़े गए थे। इस दौरान धनजी पांडेय भाग निकला था। इस संबंध में जानकारी देते हुए राजपुर थानाध्यक्ष युसुफ अंसारी ने बताया कि हरवंश पर वर्ष 1997 में भी एक मामला दर्ज हुआ था। उसने पुलिस को बताया है कि धनजी पांडेय ने ही उसे देशी कट्टा दिया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि हरवंश धनजी के साथ मिल एक नया अपराधिक गिरोह बना रहा था। लेकिन पुलिस ने इसके दो सदस्यों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। अब हरवंश की गिरफ्तारी होने के बाद स्थानीय पुलिस कैमूर पुलिस के साथ मिल धनजी को पकड़ने की रणनीति बना रही है। थानाध्यक्ष ने कहा कि गिरफ्तार अपराधी से पूछताछ कर उसका अपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है।

डुमरांव के पूर्व चेयरमैन का आरोप, सफाई के नाम पर चल रहा पैसों की बंदरबांट का खेल

- कमलेश प्रसाद शहर की सफाई के सवाल पर कार्यपालक पदाधिकारी से भिड़े

केटी न्यूज/डुमरांव

मंगलवार को स्थानीय नगर परिषद कार्यालय उस समय अराजक माहौल हो गया जब पूर्व चेयरमैन कमलेश प्रसाद शहर की सफाई के सवाल पर कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार से भिड़ गए। कमलेश प्रसाद का कहना था कि शहर की सफाई ठीक ढंग से नहीं हो रही है और सफाई के नाम पर पैसों का बंदरबांट किया जा रहा है। शहर के अलावे विस्तारित क्षेत्र नया भोजपुर तथा पुराना भोजपुर के अलावे महरौरा नावाडेरा में भी सफाई के नाम पर खानापूरी किया जा रहा है। कार्यपालक पदाधिकारी यह शिकायत सुनने को तैयार नहीं थे। उन्होंने कहा कि एनजीओ द्वारा शहर की सफाई की जा रही है। हालांकि बहुत देर तक पूर्व चेयरमैन कमलेश प्रसाद यह बताने के प्रयास में थे कि इन इन जगहों पर सफाई नहीं हुई है। बार-बार यह कहां की लगाए गए आरोप का स्थल जांच करा कर कार्यपालक पदाधिकारी संतुष्ट हो सकते हैं। लेकिन वह इस की जांच पर भी तैयार नहीं थे। माजरा मंगलवार के दिन का 11:00 बजे का है। काफी देर तक किसी विषय पर दोनों के बीच चर्चा होती रही। यह चर्चा बाद में गरमा गरम बहस में तब्दील हो गई। उसके बाद पूर्व चेयरमैन ने कार्यपालक पदाधिकारी को भ्रष्ट पदाधिकारी बताते हुए कहा कि जो पदस्थापना के दिन से ही नगर परिषद कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। कमलेश प्रसाद स्पष्ट कहां की नगर को किसी भी कीमत पर लूटने नहीं देंगे। देख लेने और दिखा देने की नौबत के बाद कार्यालय में हंगामा की स्थिति बन गई। कार्यालय के कर्मी भी अपना सीट छोड़कर अगल-बगल खड़ा हो गए। मानो सब कुछ आज ही हो जाएगा। बाद में स्थानीय कुछ कर्मियों ने मामले को संभाला। कहां की जरूरत के अनुरूप सफाई कराई जाएगी। इसके लिए एनजीओ से बात किया जाएगा। एनजीओ सफाई का अपने दायित्व को पूरा करेगा। कर्मियों का यह पहल रंग लाया। जब पूर्व चेयरमैन कार्यालय से बाहर गए तब जाकर स्थिति सामान्य हो पाई। यह विवाद शहर के लोगों के बीच चर्चा का विषय बना है।

जंगली सुअर के हमले में आधा दर्जन किसान जख्मी

सिमरी। तिलक राय के हाता ओपी थाना क्षेत्र के बड़का राजपुर गांव में मंगलवार को एक जंगली सुअर ने आतंक मचाते हुए आधा दर्जन किसानों को जख्मी कर दिया है। घटना गांव के पूरब व दक्षिण स्थित बधार में दिन के दस बजे की है। घायलों में तीन की हालत गंभीर है। जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद सिमरी पीएचसी से सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया गया है। जबकि तीन का इलाज स्थानीय पीएचसी में ही चल रहा है। जख्मियों में संजय राम, बच्चन यादव तथा संतोष राम की हालत गंभीर है। सुबह में किसान गांव के पूरब व दक्षिण कोन के बधार में खेती का काम निपटा रहे थे। एक जंगली सुअर अचानक उनपर हमला कर दिया।

दशहरा में सफाई की होगी सख्त मॉनिटरिंग, मास्टर प्लान तैयार

- पूजा-पंडालों के पास तैनात रहेंगे नगर परिषद के सफाईकर्मी, सड़कों पर होगा पानी का छिड़काव

केटी न्यूज/डुमरांव

नगर परिषद कार्यालय डुमरांव।

त्योहारों को लेकर नगर विकास व आवास विभाग ने नगर निकायों में सफाई अभियान तेज करने का निर्देश दिया है। जिसको लेकर शारदीय नवरात्र में डुमरांव नगर पर्षद ने साफ-सफाई को लेकर मास्टरप्लान तैयार किया है। वह श्रद्धालुओं को स्वच्छता का पैगाम देकर स्वागत करने की तैयारी में जुट गया है। स्वच्छ डुमरांव-सुंदर डुमरांव के स्लोगन पर खरे उतरने के लिए नप आतुर दिख रही। दशहरा पर्व पर सफाई व्यवस्था की सख्त मॉनिटरिंग होगी। इसके लिए कर्मचारियों की टीम कलश स्थापना के दिन से अपनी कमान संभाल ली है। बताया जाता है कि टीम में शामिल कर्मचारी डोर-टू-डोर सफाई व कूड़े के उठाव पर निगरानी रखेंगे। शहर चकाचक दिखे इसके लिए नप सुबह-शाम दोनों वक़्त सफाई कर कूड़े का उठाव करेगा। नालियों में भरी गाद का भी सफाई होगा। नाली की सफाई होने से गंदे पानी का निकास आसानी से हो सकेगा। नप सूत्रों के अनुसार पर्वों में सफाई को लेकर अतिरिक्त सफाई कर्मी भी रखे जायेंगे। शहर स्वच्छ रहे इसका विशेष ख्याल रखा जायेगा। मुख्य सड़कों पर पानी का छिड़काव होगा। शहर के चौक-चौराहों पर लगे डस्टबीन में कचरा फेंकने की अपील कर श्रद्धालुओं को स्वच्छता का संदेश दिया जायेगा। शहर के चर्चित देवी मंदिर मां काली आश्रम, डुमरेजनी मंदिर, भगवती मंदिर, बांके बिहारी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं का जमघट लगा रहता है। नवरात्र आगमन की तैयारी को लेकर मंदिरों के व्यवस्थापक साफ-सफाई कर आकर्षक तरीके से सजाने की तैयारी शुरू कर दी है। नप प्रशासन मंदिर के रास्तों की साफ-सफाई की रूपरेखा तैयार किया है। नप सफाई को लेकर पूजा-पंडालों के आसपास विशेष नजर रखेगी। पंडालों के एरिया क्षेत्र में ब्लीचिंग पाउडर व मच्छर मारने की दवा का छिड़काव होगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सफाई कर्मी तैनात किये जायेंगे, जो इन जगहों पर सफाई करेंगे। साथ ही, शहर के गलियों व सड़को पर डोर-टू-डोर सफाई कर कूड़े-कचरे का उठाव किया जायेगा। पर्व से पूर्व रौशनी की व्यवस्था ठीक करने की उम्मीद जतायी जा रही है।

शहर छोटी खबरें

मां की साड़ी आटा चक्की मशीन में फंसा मौत

भीमपुरा। भीमपुरा थाना क्षेत्र के बलेसर गांव में सोमवार को आटा चक्की के पट्टे में फंसने से महिला की मौत हो गई। जिसकी सूचना के बाद घर में में कोहराम मच गया। सूत्रों कि मानें तो बलेसर गांव के विनोद यादव आटा चक्की चलाते है। उनकी पत्नी इंद्रा देवी (45) आटा चक्की में कार्य कर रहे बेटे को पानी देने गई। पानी देकर लौटते समय उसकी साड़ी चल रहे पट्टे में फंस गई। इससे वह उसमें बुरी तरह लिपट कर घायल हो गईं। उसकी गर्दन पर गंभीर चोटें आ गईं। घायलावस्था में परिजन उसे मऊ अस्पताल ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते मे ही उसकी मौत हो गई।

चंड़ीगढ़ से बिहार भेजी जा रही 20 लाख की शराब जब्त

रसड़ा। चंड़ीगढ़ से बिहार ले जायी जा रही शराब की बड़ी खेप को रसड़ा पुलिस, एसओजी और आबकारी पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस को यह सफलता सोमवार की देर शामगढ़िया क्रासिंग के पास लगी। जहां गुप्त सूचना के अधार पर एक डीसीएम से 20 लाख रुपए की 5045 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। बलिया एसपी राजकरन नय्यर ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक सुभाषचन्द यादव, एसओजी प्रभारी अजय कुमार यादव और आबकारी निरीक्षक दिनेश कुमार पासवान की टीम में सोमवार को गढिया क्रासिंग पहुंच कर बैरिकेडिंग की। रेलवे क्रासिंग के पास से एक व्यक्ति को घेर कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में अपना नाम जाकिर हुसैन पुत्र अहमद अली निवासी ग्राम धराड़ थाना बिलपाक जिला रतलाम मध्य प्रदेश बताया। डीसीएम से कुल 584 पेटी, प्रत्येक पेटी 48 शीशी (180 मिली) पाई गई। इस पर अलग अलग कंपनी के रैपर लगे थे। कुल 5045.76 लीटर अवैध शराब बरामद हुई है।

कुख्यात कन्हैया राजभर छह माह के लिए तड़ीपार

बलिया। मनियर थाना क्षेत्र के पिलुई निवासी व गुंडा एक्ट के आरोपी कन्हैया राजभर को पुलिस ने मंगलवार को जिला बदर कर दिया। पुलिस ने उसको मऊ के हलधरपुर थाने में हर माह के 10 तारिख को अपने निवास स्थान तथा गतिविधियों के बारें में जानकारी देने का निर्देश दिया है। डीएम ने कन्हैया को छह माह के लिये तडीपार करने का निर्देश दिया था। इसके अनुपालन में मंगलवार को थाने के एसआई अरुण कुमार सिंह ने घर से पकड़ा तथा बिहार की सीमा पर स्थित दरौली घाट पर लेजाकर छोड़ दिया।

सड़क दुर्घटना में बाप-बेटा समेत तीन जख्मी

रेवती। स्थानीय कस्बा निवासी 61 वर्षीय अनिल केशरी, उनका बेटा 28 वर्षीय सोनू तथा पौत्र तीन वर्षीय मुकुंद मंगलवार को सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को एक निजी डॉक्टर के यहां इलाज कराया। बताया जाता है कि मुकुंद का इलाज कराकर पिता-पुत्र बाइक से घर लौट रहे थे।

अध्यात्म : सुदामा के पाठ बिसरने पर डांट से बचाने के लिए श्रीकृष्ण भी भूलने का करते थे बहाना

- 'श्रीराम वनगमन, निषाद राज से भेंट व केवट संवाद' सहित 'सुदामा चरित्र भाग-1' का हुआ मंचन'
- 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव का 10वें दिन

केटी न्यूज/बक्सर

श्री रामलीला समिति, बक्सर के तत्वावधान में रामलीला मैदान स्थित विशाल मंच पर चल रहे 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के दौरान आज दसवें दिन मंगलवार को श्रीधाम वृंदावन से पधारी सुप्रसिद्ध रामलीला मंडल श्री श्यामा श्याम रासलीला संस्थान के स्वामी श्री नन्दकिशोर रासाचार्य जी के सफल निर्देशन में दिन में कृष्ण लीला के दौरान 'सुदामा चरित्र भाग-1'' प्रसंग का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि वासुदेव जी श्री कृष्ण को विद्या ग्रहण करने के लिए गुरु संदीपन की पाठशाला में भेजते हैं। इधर सुदामा भी विद्या अध्ययन के लिए आ रहे होते हैं। तो अचानक मार्ग में सुदामा के पैर में कांटा चुभ जाता है और वह कष्ट के कारण प्रभु का नाम लेकर जोर से चिल्लाते हैं। श्रीकृष्ण इस आवाज को सुनकर सुदामा के समीप है और उनके पैर में लगे कांटे को निकालते हैं। और एक दूसरे का परिचय होता है। एक ही पाठशाला के शिष्य होने की जानकारी पर श्रीकृष्ण और सुदामा की आपस में मित्रता हो जाती है, और दोनों साथ-साथ गुरु संदीपन के आश्रम में पहुंचते हैं। गुरुदेव दोनों के शिक्षा प्रदान करते हैं । एक दिन सुदामा अपने पाठ को भूल जाते हैं गुरुदेव उनको दंड स्वरूप जंगल से लकड़ी काटकर लाने को कहते हैं यह देख कर मित्रता निभाने के लिए श्रीकृष्ण भी अपना पाठ भूलने का बहाना बनाते हैं गुरुदेव श्री कृष्ण और सुदामा दोनों को जंगल से लकड़ी लाने को भेजते हैं । आश्रम से उन दोनों को मार्ग खाने के लिए चना मिलता है। वन में सुदामा को भूख लगती है वह कृष्ण के हिस्से का चना भी खा जाते हैं। जब गुरुदेव को इस बात की जानकारी होती है तो वह क्रोध में आकर सुदामा को शाप दे डालते हैं। दोनों की शिक्षा पूरी होने पर अपने गृहस्थान को लौट आते हैं। आगे जाकर सुदामा गरीब ब्राह्मण होता है। और श्रीकृष्ण द्वारिका का नरेश। इस दृश्य को देख दर्शक भावविभोर हो जाते हैं।

रामलीला मैदान से श्रीराम का रथ हुआ प्रस्थान : वहीं, देर रात्रि मंचित रामलीला के दौरान 'राम वन गमन, निषाद राज से भेंट व केवट संवाद' प्रसंग का मंचन हुआ। जिसमें दिखाया गया कि मंत्री सुमंत जी श्री राम लक्ष्मण व सीता को बैठाकर वन को छोड़ने जाते हैं। मंचन के दौरान शाम 4:30 बजे रामलीला मैदान से श्रीराम का रथ प्रस्थान करता है। यह रथ नगर के विभिन्न मार्गो क्रमशः मॉडल थाना, रामरेखा घाट, पीपी रोड, ठठेरी बाजार मोड़, जमुना चौक मोड़, हनुमान फाटक रोड, कोईरपूरवा, ज्योति चौक होते हुए स्टेशन स्थित कमलदह सरोवर पहुंचती है। वहां से संध्या 7:30 बजे सीधे लौटकर रामलीला मंच पर पहुंचती है। जहां निषाद राज के भेट होती है। निषाद राज प्रभु की भली भांति सेवा करता है निषादराज से श्री राम बरगद पेड़ का दूध मंगा कर उसी से अपनी जटा बनाते हैं। यह देख मंत्री सुमन्त का हृदय द्रवित होता है। वह प्रभु से वन में नहीं जाने की विनती करते हैं। लेकिन श्रीराम सुमंत जी को धीरज बंधाते हैं। वह सीता जी को वन जाने से मना करते हुए उन्हें लौट जाने को कहते हैं। परंतु सीताजी इंकार कर देती है। तब प्रभु राम मंत्री सुमंत को वापस भेज देते हैं और केवट से नदी पार करने के लिए नाव मंगाते हैं। तभी केवट और राम के बीच संवाद होता है। केवट कहता है भगवान मैं आपके मर्म को जानता हूं, आपके चरण रज का स्पर्श होते ही जब पत्थर भी नारी बन गई मेरी तो नैया लकड़ी की है जब तक आपका पैर नहीं धोऊंगा नाव आगे नहीं ले आऊंगा। तब भगवान की स्वीकृति पर केवट श्रीराम का चरण पखारता है 'अति आनंद उमंग अनुरागा, चरण सरोज पखारन लागा' उक्त लीला का दर्शन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो जाते है। पूरा पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गुंज उठता हैं। इस दौरान पूरा रामलीला परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ था।

घर में घुसकर बीएसएफ जवान की पत्नी की धारदार हथियार से हत्या

- पिता के बयान पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज, अपराधी साथ में लग गए डीवीआर

केटी न्यूज/ गाजीपुर

घटना की जांच करते एसपी व अन्य

जिले के नगर कोतवाली के कुर्था गांव में सोमवार को बीएसएफ जवान की पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के साथ हत्यारे घर में लगे सीसीटीवी कैमरे को क्षतिग्रस्त करने के साथ सीडीआर भी उठा ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर एसपी रोहन पी बोत्रे ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और जल्द ही हत्याकांड का पदार्फाश करने का निर्दश दिया। ग्रामीण सूत्रों के अनुसार गांव निवासी पवन प्रजापति बीएसएफ में मणिपुर में तैनात हैं। उनकी पत्नी किरन प्रजापति (36 वर्षीय) अपने दो बेटों के साथ घर पर अकेली रहती थी। सुबह दोनों बच्चे स्कूल गए थे। इधर, दूध देने के लिए गांव की एक बालिका जब घर पहुंची तो महिला को खून से लथपथ देख चीखते-चिल्लाते हुए गांव में जाकर ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। देखते ही देखते घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई।

घटनास्थल पर पहुंचे एसपी : सूचना मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस और उच्चाधिकारी भी घटना स्थल पर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक किरन प्रजापति के चेहरे और सिर पर धारदार हथियार से कई बार वार करने के निशान थे। बरामदे में अत्यधिक खून पसरा हुआ था। मकान में लगा सीसीटीवी कैमरा और टीवी आरोपियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था और डीवीआर उठा ले गए थे। घटनास्थल पर पहुंचे एसपी रोहन पी बोत्रे और एसपी सिटी गोपीनाथ सोनी ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मृतका के पिता रामाश्रय प्रजापति ने अज्ञात हत्यारोपियों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। इस संबंध में एसपी रोहन पी बोत्रे ने बताया कि मृतका के पिता रामाश्रय प्रजापति की तहरीर पर अज्ञात हत्यारोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। जल्द ही हत्याकांड का पदार्फाश कर दिया जाएगा।

20 साल पहले हुई थी शादी : मृतक महिला के पिता रामाश्रय प्रजापति ने बताया कि मैंने बेटी किरन प्रजापति की शादी 20 साल पहले पवन से की थी। बेटी के दो बेटे हैं। सोमवार को दोनों बेटे शुभम (14) और शनि (06) स्कूल गए थे। मेरी बेटी घर पर अकेली थी। किसी ने घर में घुसकर धारदार हथियार से चेहरे व सिर पर हमला कर मेरी बेटी की हत्या कर दी है। किरन का पति मणिपुर से घर के लिए रवाना हो गया है।

क्या कहते हैं एसपी

इस संबंध में एसपी रोहन पी बोत्रे ने बताया कि मृतका के पिता रामाश्रय प्रजापति की तहरीर पर अज्ञात हत्यारोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। छानबीन जारी है। जल्द ही हत्याकांड का पदार्फाश कर दिया जाएगा।

एक नजर

इलाज के लिए जा रही महिला ने जया प्रभा सेतू से लगाई छलांग, मौत

बैरिया(बलिया)। सोमवार की देर शाम पति के साथ ईलाज के लिए जा रही महिला ने गंगा नदी कूद कर जान दे दी। घटना जिले के बैरिया थाना क्षेत्र के जयप्रभा सेतु से सरयू नदी में छलांग लगा दी। मछुवारों और मल्लाहों को भी महिला की तलाश में सफलता नहीं प्राप्त हुई। पुलिस शव के बाद भी नही मिला। जानकारों कि मानें तो सिताब दियारा के आलेख टोला निवासी सुनीता देवी (25) पत्नी सतीश प्रसाद स्वर्णकार पति के साथ इलाज के लिए छपरा जा रही थी। जयप्रभा सेतु पर उल्टी करने की बात कहकर बाइक रुकवा लिया। मांझी स्थित जयप्रभा सेतु से सरयू नदी में छलांग लगा दी। पति कुछ समझ पाता, तब तक उफनाई सरयू में डूब गई। पति भागकर पुल के नीचे नदी के किनारे गया और मछुवारों से हाथ जोड़कर पत्नी को बचाने की गुहार लगाई। जिसके बाद मछुवारे व मल्लाहों ने महिला की तलाश की। लेकिन, वो भी महिला को ढूंढ़ नहीं पाए। महिला के दो छोटे-छोटे पुत्र व एक पुत्री है। घटना की सूचना पर बैरिया पुलिस व बिहार की मांझी पुलिस मौके पर पहुंच गई। महिला की तलाश का प्रयास कर रही है।

गाजीपुर में गलाघोंटू रोग से दो सगे भाईयों की मौत, घर में मचा कोहराम, गांव में सन्नाटा

गाजीपुर। जिले के करंडा थाना अंतर्गत तुलापट्टी गांव में डिप्थीरिया (गलघोंटू) से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार दोनों बच्चों की तबीयत छह सितंबर को खराब होने पर जिला अस्पताल ले गये थे। जहां चिकित्सकों ने टीका लगवाने के लिए कहा, लेकिन बच्चों के पिता ने इलाज कराने के लिए वाराणसी लेकर चले गये। जहां बड़े पुत्र की 20 सितंबर व छोटे पुत्र की 23 सितंबर को मौत हो गई। वहीं बच्चों की मौत की सूचना मिलने के बाद सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी ने कहा कि समझाने के बाद भी बच्चों के पिता ने एक न सुनी। तुलापट्टी गांव निवासी कन्हैया बिंद की एक पुत्री व दो पुत्र थे। पिता ने पुत्री को तो सभी टीका लगवा दिया था, लेकिन पुत्रों को टीका नहीं लगवाएं थे। इसी दौरान दोनो पुत्रों की अचनक बीमार हो गये। बुखार और उल्टी होने पर गांव के चिकित्सकों से से दवा लेकर बच्चों को खिला रहे थे। इसी दौरान आशा को जानकारी हुई तो सीएचसी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अभिनव सिंह को जानकारी दी। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्चों को टीका लगवाने के लिए सलाह दी। लेकिन पिता ने इससे मना कर दिया। उसके बाद जिला अस्पताल में भी चिकित्सकों ने टीका लगवाने के लिए सलाह दी, तो पिता ने इलाज कराने के लिए बीएचयू चले गये। जहां इलाज के दौरान सूर्यांश (4) और ढ़ाई वर्ष के शिवा की मौत हो गई। घटना से आहत कन्हैया बिंद ने बिलखते हुए बताया कि पुत्री को सभी टीके लगे थे। कई वर्षों बाद दोनों पुत्रों का जन्म हुआ था। टीके से उनको बुखार आएगा और दर्द होगा, इसी डर से टीका नहीं लगवाया था। बच्चों की मौत की सूचना मिलने के बाद गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

सड़क हादसे में घायल बीएसएफ जवान की मौत

गाजीपुर। सड़क हादसे में घायल बीएसएफ जवान की इलाज के दौरान अरूणाचल प्रदेश में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने मंगलवार को पार्थिव शरीर आने की संभावना जताई है। मृतक जवान नगर पंचायत के वार्ड नंबर तीन के निवासी अभिमन्यु सिंह (33) सीमा सड़क संगठन में रोलर चालक के पद पर चाइना बार्डर पर लिंगटिंग में तैनात थे। ड्यूटी के दौरान कार्य करने के लिए रोलर लेकर सड़क मार्ग से कहीं जा रहे थे। अचानक अनियंत्रित होकर रोलर खाई में पलटने से वह घायल हो गए थे। उन्हें उपचार के लिए अरुणाचल के मिलिट्री हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान 24 सितंबर को उनका निधन हो गया। घटना की जानकारी होने के बाद पत्नी चुनम देवी और माता चंचल देवी का रो-रोकर हाल बेहाल है। जवान अपने तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। इधर परिजनों के रोने- बिलखने की आवाज सुनकर ग्रामीणों की भीड़ दरवाजे पर जुट गई। गांव के लोग परिजनों को सांत्वना देने में जुटे हुए थे।

जिलाधिकारी का निर्देश, पशु चिकित्साधिकारी और खण्ड विकास अधिकारी योजना को जांचें

गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने गोवंश आश्रय स्थल की स्थापना, क्रियान्वयन व संचालन प्रबंधन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक ली। जिलाधिकारी ने पशुओं के लिए अगस्त के भरण पोषण एवं सहभागिता योजना में अनुमोदित धनराशि की स्वीकृति प्रदान की। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने बताया कि भरण पोषण योजना के तहत माह अगस्त में 34 गो-आश्रय केन्द्रों के 2620 गोवंश और सहभागिता योजना के तहत 596 गोवंश की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री निराश्रित बेसहारा सौभाग्य योजना कितने पशुओं को चिह्नित कर पशुपालक को सुपुर्द किया गया है इसकी जानकारी ली। उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी और खण्ड विकास अधिकारी को एक टीम बनाकर जांच का निर्देश दिया।

निधरिया में निकाली गई भव्य कलश यात्रा

केटी न्यूज/बलिया

निधरिया ग्रामसभा के शिवशक्ति नगर स्थित काली मंदिर के प्रांगण में श्री शतचंडी महायज्ञ के आयोजन से पूर्व मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु महिलाओं ने हाथ में कलश लेकर गांव का भ्रमण करते हुए लच्छीराम ब्रह्मस्थान से कलश भर कर पुनः काली मंदिर परिसर पहुंची। जहां पर यज्ञ मंडप में कलश स्थापित किया गया। नवरात्रि के पावन माह में शिवशक्ति नगर निधरिया में श्री शतचंडी महायज्ञ की शुरूआत सोमवार को हो गया। जिसमे कथावाचक के रूप में अयोध्या से पधारी साध्वी प्रिया लोगों को ज्ञान से अभिसिंचित करेंगी। श्री शतचंडी महायज्ञ के आयोजन को लेकर शिवशक्ति नगर निधारिया में प्रवास कर रहे यज्ञाधीश आचार्य आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि इसी माह में शारदीय नवरात्र के समय 26 सितंबर से लेकर और 4 अक्टूबर तक श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन रखा गया है। जिसमें अयोध्या व काशी से विद्वानों का आगमन होगा। जिसमें अयोध्या से कथावाचक साध्वी प्रिया जी भी मार्गदर्शन एवं कथावाचन करेंगी। आचार्य आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि इस शतचंडी महायज्ञ में संध्या 7:00 बजे से 10:00 बजे तक कथा का आयोजन भी होगा। श्री शतचंडी महायज्ञ को सफल बनाने में मुख्य रूप से पंचानंद सिंह, शमशेर बहादुर सिंह, शैलेंद्र ओझा, सोहन, गोपाल तिवारी, रमेश स्वर्णकार, शुभम, बृजेश सिंह, धनजी तिवारी, गौरी शंकर वर्मा, छोटे लाल, बली कुमार, अजीत कुमार श्रीवास्तव बबलू लगे हुए हैं।

टाउन हॉल बापू भवन के अध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज

केटी न्यूज /बलिया

टाउन हॉल परिसर में बने बापू भवन ट्रस्ट की स्थापना 1969 में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में महात्मा गांधी के आदर्शों को लोगों तक पहुंचाने के लिए किया गया था। 1969 से लेकर इसके प्रबंधन में कभी भी किसी प्रकार की गड़बड़ी या दिक्कत नहीं आई, परंतु कालांतर में 2013 में राकेश श्रीवास्तव नामक व्यक्ति ने बापू भवन ट्रस्ट का स्वयं को अध्यक्ष घोषित कर दिया। इसका संज्ञान लेकर जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट को इसकी जांच के आदेश दिए हैं। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि टाउन हाल में स्थित बापू भवन ट्रस्ट के पदेन अध्यक्ष जिलाधिकारी होते हैं, परंतु राकेश श्रीवास्तव तथा अन्य सदस्यगण द्वारा मिलकर 2013 में स्वयं को ट्रस्ट का अध्यक्ष घोषित कर लिया गया है। इसकी सूचना ना तो जिलाधिकारी को दी गई है और ना ही उनका कोई अनुमोदन जिलाधिकारी से लिया गया है। बताते चलें कि टाउन हॉल शहर के बीचोंबीच स्थित है। इसकी भूमि बहुत ही कीमती है। बापू भवन का उपयोग शादी ब्याह, गोष्ठी, संगोष्ठी जैसे सार्वजनिक कार्यों के लिए किया जाता है। जांच के दौरान राकेश श्रीवास्तव से आय-व्यय और कार्यवाही का रजिस्टर मांगा गया, तो वह आनाकानी करने लगे। जिसके कारण उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में कोतवाली थाने में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करा दी गई है।

प्रभु के अंगों में ही सभी लोकों का ध्यान करना चाहिए : स्वामी

केटी न्यूज/बलिया

प्रवचन करते जीयर स्वामी।

दुबहड़ के जनाड़ी स्थित जनेश्वर मिश्र सेतु के पास चातुर्मास व्रत स्थल पर मंगलवार की शाम प्रवचन में जीयर स्वामी ने श्रद्धालुओं को बताया कि ध्यान करते समय प्रभु के अंगो में ही सभी लोकों का ध्यान करना चाहिए। उन्होंने कहा के सुकदेव जी महाराज कहते है कि मंगलाचरण का मतलब होता है मंगल करना। जैसे की किसी का विवाह हो रहा हो उसकी भूत, भविष्य, वर्तमान की कामना करना ही मंगलाचरण है। इसके लिए पितरों को गीत गाकर, ऋषियों को, भगवान को, देवताओं को गोहराना ही मंगलाचरण होता है। इसी प्रकार सुकदेवजी ने भी बाद में मंगलाचरण किया कि जो मैं कह रहा हूं उससे समाज में परिवार में जो सुनने वाला हो उसका मंगल हो। इसीलिए मंगलाचरण किया जाता है। चाहे भजन के रूप में हो स्तुति के रूप में हो। सुकदेवजी ने परिक्षित को बताया कि जो अच्छे सदाचारी ब्राम्हण हो उसे भगवान का मुख बताया गया है। भगवान के मुख का पूजा करने का मतलब अग्नि का पूजन, रोम का पूजा का मतलब वृक्ष तथा नाड़ी का पूजा से नदियों का, स्वास जो है भगवान का वायु है। भगवान की गति जो है संसार का महायज्ञ का फल मिल गया। भगवान के नेत्र के ध्यान का मतलब अंतरिक्ष का ध्यान कर लिया। उनकी पलकों का ध्यान का मतलब उनकी पलकों का ध्यान करना है। भगवान के पैर के तलवे को ध्यान करते हुए यह मानना चाहिए कि यह पताल लोक है। पैर के अग्र भाग रसातल लोक, दोनों एड़ियों का ध्यान का मतलब महातल का दर्शन, जांघों के ध्यान का मतलब महीतल लोक का दर्शन। दोनों पेंडुली का दर्शन परासर लोक की पूजा, घुटनों का दर्शन सुतल लोक का दर्शन, नाभी का दर्शन करने का मतलब हमने आकाश का, भगवान के वक्षस्थल का पूजा करने का मतलब स्वर्गलोक का दर्शन कर लिया। मुख का दर्शन करने का मतलब जन लोक, ललाट का दर्शन करने का मतलब तपोलोक का दर्शन, सिरोभाग का दर्शन सत लोक है। भगवान की भुजा की पूजा करने का मतलब इन्द्र की, कान का ध्यान करने का मतलब दिशा का पूजन, इस प्रकार भगवान के अंगों का ध्यान करने से अलग अलग लोकों के परिक्रमा करने का फल प्राप्त होता है। यदि सारे दुनिया के तीर्थ व्रत देवी देवता की पूजा करने की क्षमता नहीं है, तो केवल एक मात्र भगवान नारायण की पूजा कर लिया, तो तैंतीस कोटि देवता हैं सभी देवताओं को सातों लोक की अराधना कर लिया।